शुक्रवार, 06 सितम्बर 2024.

पृष्ठ संख्या-04

# संस्कृति और सभ्यता को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे पहुंचा रहे शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण • रुड़की: हाईस्कूल शिक्षक संघ की ओर से डीएवी पीजी कालेज के कन्हैया बैंक्वेट हाल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डा. कल्पना सैनी ने कहा कि शिक्षक समाज का सच्चा पुरोधा होता है। जो राष्ट्रहित के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक वर्षों पुरानी संस्कृति और सभ्यताओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाकर उसे पुनर्जीवित कर कर रहे हैं।

रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि शिक्षक समाज का आइना है। जो समाज की बुराईओं को उजागर कर उन्हें दूर करता है। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, विनोद कुमार शर्मा, अखलाक अहमद, किरतपाल सिंह, मनीष कौशिक, मोहब्बत अली, अरुण शर्मा, मनोज धीमान, वीपी सिंह, संजय सैनी, राजेंद्र सैनी, प्रदीप बर्मन, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।



रुड़की के डीएवी पीजी कालेज में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राज्यसभा सदस्य डा. कल्पना सैनी, विधायक प्रदीप बत्रा व अन्य • सौजन्य आयोजक

## शिक्षक दिवस पर छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

रुड़की: रुड़की स्थित एसएनडीके पब्लिक स्कूल व बीकेपी स्कूल की ओर से शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने नाट्य मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि शिक्षक समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो समाज को नई और सकारात्मक दिशा की ओर आगे लेकर जाता है। इस दौरान कई छात्र और शिक्षक मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस छात्रों को समझाया शिक्षा का महत्व

झबरेड़ा: कस्बा स्थित अटल उत्कृष्ट सरस्वती राजकीय बालिका इंटर कालेज, एंबिशन पब्लिक स्कूल, चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कालेज, चरत निकेतन विश्व भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सूर्या एकेडमी एवं रायल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक गीतों पर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।



रुड़की के बीएसएम इंटर कालेज में शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं अन्य • सौजन्य स्कूल



शिक्षक दिवस पर छात्रों को संबोधित करते क्वाड्रा संस्थान के शिक्षक • सौजन्य संस्थान

## राधाकृष्णन के विचारों का किया स्मरण

रुड़की: चौधरी हरचंद सिंह आत्माराम एजुकेशन ट्रस्ट (क्वाड्रा) की ओर से शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में विस्तार से बताया गया।

मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव डा. स्कम सिंह ने कहा कि आज के दिन ही भारत में एक महान गुरु का जन्म हुआ था। जिसे दुनिया राधाकृष्णन के नाम से जानती है। उनके विचार आज भी लोगों को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का पाठ पढ़ाते हैं। संस्थान के निदेशक मनोज कुमार गोयल, डा. अभिषेक भूषण शर्मा, डा. सौरभ कुमार, डा. अंकित त्यागी, डा. रजनीकांत, संस्कृति वर्मा, आकृति सिंह, राजीव सिंह, डा. शैरोन प्रभाकर, डा. मयंक बिश्नोई, डा. भूमि सोनी, डा. सलोनी गर्ग, डा. पारुल आनंद, डा. योगेश सिसोदिया, डा. त्रिवेणी शास्त्री मौजूद रहीं।

विद्युत वितरण
जाता है की 132
दिनांक

08 / 09 / 2024

